फुटबाल | अण्डर 15 स्टेट यूथ लीग फुटबॉल प्रतियोगिता

लायंस एफसी जबलपुर ने दर्ज की एकतरफा जीत

नवभारत, जबलपुर 6 अप्रैल। मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के तत्वावधान में ग्लोबल कॉलेज पाटन बायपास ग्राउंड में खेली जा रही अंडर 15 यूथ लीग स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप में सोमवार को दो मैच खेले गए।

उक्त जानकारी अमित रंजन देव सचिव मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ ने बताया कि पहला मैच लायंस एफसी जबलपुर एवं ब्वॉयज क्लब उकवा के बीच खेला गया। खेल शुरू होते ही लायंस एफसी ने आक्रमण शुरू किए और खेल के दसवें मिनट में लायंस एफसी ने पहला गोल किया। खेल के 40 मिनट में लायंस ने दूसरा गोल कर 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। दो गोल से पिछड़ने के बाद ब्वॉयज क्लब उकवा ने कुछेक अच्छे आक्रमण कर गोल करने का प्रयास किया, लेकिन तालमेल के अभाव में गोल करने में असफल रही। मध्यांतर तक लायंस अकादमी जबलपुर 2- 0 से आगे रही।

कोच ने बदली रणनीति से मिली कामयाबी

मध्यांतर के बाद पुन एक बार फिर लायंस एफसी ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए उकवा के गोल पर आक्रकण किए, लेकिन इस बार उकवा की रक्षापंक्ति को भेदने में उन्हें सफलता नहीं मिली। इसके बाद लायंस के कोच असीस पिल्लै ने रणनीति बदली और खिलाड़ियों को नई रणनीति के साथ खेलने की सलाह दी। इसके बाद लायंस ने खेल के 50वें मिनट में तीसरा, 60 मिनट में चौथा, 70वें मिनट में पांचवां और खेल के अतिम क्षणों में छठवां गोल कर मैच एकतरफा अंदाज में 6-0 से जीत लिया।

ये रहे निर्णायक

निर्णायक रवि परमार कुलदीप सिंह राजेश चौहान वंदना मिश्रा स्नेह सिंह लक्ष्मी साहीस पूनम बैगा वंदना यादव रेफरी इंचार्ज जेएल श्रीवास एवं मैच कमिश्नर पृथ्वीराज सोलंकी रहे।

सतना सोल्डर की टीम 2-0 से जीती

दूसरा मैच सतना सोल्डर एवम सांची वॉरियर्स रायसेन के बीच खेला गया। इस मैच में दोनों टीमों के लिए जीत जरूरी थी। खेल के शुरूआत से ही सतना गोल करने का प्रयास करती रही। खेल के 15वें मिनट में सतना ने पहला गोल किया। मध्यांतर तक सतना 1 गोल से आगे रही। मध्यांतर के पश्चात् सांची वॉरियर्स ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल करने का प्रयास किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। दूसरी ओर खेल के 80वें मिनट में सतना सोल्डर ने दूसरा गोल किया। दो गोल से पिछड़ने बाद सांची वॉरियर्स गोल करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। अंत में सतना सोल्डर ने 2- 0 से जीत दर्ज कर 3 अंक अर्जित किए।

मन्नत, हैंगओवर व डॉक्टर इलेवन ने जीते मैच

▶ 27 वीं कॉमरेड रामशंकर रजक स्मृति रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता

नवभारत,जबलपुर। ओलंपिक स्टेडियम खमरिया में चल रही 27 वीं कॉमरेड रामशंकर रजक स्मृति रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में दिन में तीन मैच खेले गए। पहला मैच मन्नत इलेवन बनाम क्लिंबर्स इलेवन के बीच खेला गया जिसमें निर्धारित 10 ओवर की पारी में मन्नत इलेवन ने 90 रन 8 विकेट पर बनाए । जवाबी पारी में क्लिंबर्स इलेवन की टीम ने 9 विकेट पर सिर्फ 59 रन ही बनाए ।इस प्रकार मन्नत इलेवन ने 32 रनों से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच मनु रहे। दूसरा मैच डॉक्टर इलेवन बनाम गेम स्विंगर तिघरा के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए गेम स्विंगर तिघरा की टीम दस ओवर में महज 36 रन पर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डॉक्टर इलेवन की टीम ने आसानी से लक्ष्य का पीछा करते हुए 4 ओवरों में मैच जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच डॉक्टर इलेवन की ओर से गोलू को उनकी उत्कृष्ट गेंदबाजी के लिए दिया गया।

दिन का अंतिम और तीसरा मैच हैंग ओवर और फेथ वॉरियर के बीच खेला गया जिसमें हैंगओर ने 5 विकेट खोकर 111 रन बनाए जवाबी पारी में फेथ वॉरियर की टीम ने 39 रन ही बना सकी। इस प्रकार हैंगओवर ने 72 रनों से मुकाबला जीत लिया । मैन ऑफ द मैच हर्षित को दिया गया। इस मौके पर खेल समिति अध्यक्ष निखिल सुमन ,सचिव विनय चवारे,समस्त यूनियन के पदाधिकारी, ग्राउंड कमेटी सदस्य किसान, जय कुमार , बबलू कुमार मौजूद रहे।

आयुषी बनीं कराटे की मुख्य प्रशिक्षक

▶ लाइगर मार्शल आर्ट एसोसिएशन ने दी बड़ी जिम्मेदारी

नवभारत,जबलपुर। लाइगर मार्शल आर्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया में नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सेंपाई आयुषी पिल्ले को कराटे की मुख्य प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के अध्यक्ष नवीन विश्वकर्मा (मामाजी) के संरक्षण में की गई। इस अवसर पर शिहान वीरेंद्र आर. अग्रवाल (प्रेसिडेंट एवं एग्जामिनर) और शिहान देवराज सिंह राजावत (अध्यक्ष, आई.एस.के.ओ. इंडिया, मध्य प्रदेश) ने संयुक्त रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। आयुषी पिल्ले को मध्य प्रदेश में इंटरनेशनल शोटोकान कराटे-डू के तहत मुख्य प्रशिक्षक एवं आई.एस.के.ओ.

इंडिया की एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में तत्काल प्रभाव से नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति अगली सूचना तक प्रभावी रहेगी। संगठन ने आयुषी को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके समर्पित योगदान की अपेक्षा जताई।

महुआ नहीं मिला तो थैला ही उठा ले गया जंगल का राजा

बांधवगढ़ के जंगल में बाघ की अजीब हरकत, ग्रामीण बना मूक दर्शक

चिल्हारी नवभारत 6 अप्रैल। जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा बफर क्षेत्र के बंदर चुई इलाके से एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसे सुनकर लोग हैरान भी हैं और मुस्कुरा भी रहे हैं। यहां एक बाघ ने शिकार नहीं, बल्कि महुआ से भरा थैला ही अपना टारगेट बना लिया।

दरअसल, एक ग्रामीण आराम से पेड़ के नीचे बैठकर महुआ बीन रहा था। मेहनत से इकट्ठा किया गया महुआ उसने एक थैले में भरकर पास में रख दिया। तभी अचानक जंगल का असली मालिक एंट्री मारता है। बाघ चुपचाप आया, पहले थोड़ी देर पेड़ के नीचे बैठकर माहौल को समझा, मानो सोच रहा हों, क्या सीन चल रहा है। ग्रामीण ने जैसे ही बाघ को देखा, उसकी हालत खराब हो

गई। वह कुछ दूरी पर खड़ा होकर बस तमाशा देखने लगा। उधर बाघ ने भी कोई जल्दबाजी नहीं दिखाई। पहले आराम से बैठा, फिर नजरें घुमाईं और आखिर में फैसला लिया शिकार नहीं मिला तो थैला ही सही।

पूरा नजारा किसी फिल्मी सीन से कम नहीं था

इसके बाद बाघ ने महुआ से भरा थैला अपने मुंह में दबाया और ऐसे चलता बना जैसे जंगल की दुकान से शॉपिंग करके निकला हो। पूरा नजारा किसी फिल्मी सीन से कम नहीं था। इस अनोखी घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो सोमवार को सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। लोग मजाक में कह रहे हैं कि बाघ अब 'डाइट चेंज' कर चुका है और शिकार की जगह महुआ पसंद करने लगा है।

वन विभाग ने बढ़ाई निगरानी

हालांकि, वन विभाग इस घटना को हल्के में नहीं ले रहा। पनपथा बफर क्षेत्र के अधिकारी प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया कि वीडियो मिलने के बाद इलाके में निगरानी बढ़ा दी गई है। साथ ही ग्रामीणों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे अकेले जंगल में महुआ बीनने न जाएं, बल्कि समूह में जाएं और सतर्क रहें। कुल मिलाकर, यह घटना जहां एक तरफ जंगल के खतरे की याद दिलाती है, वहीं दूसरी तरफ यह भी दिखाती है कि जंगल का राजा कब क्या कर जाए, इसका कोई भरोसा नहीं।

सुतली की रस्सी से गला घोंटकर की गई थी हत्या

शहपुरा पुलिस ने हत्याकांड का किया खुलासा, 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

शहपुरा नवभारत 6 अप्रैल। डायल 112 कंट्रोल डिण्डौरी से ग्राम देवरा एवं ग्राम विचारपुर की सरहद पर एक अज्ञात पुरुष का शव पड़े होने की सूचना प्राप्त होने पर थाना पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर देहाती मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई।

जांच के दौरान मृतक की पहचान गुलशन निवासी ग्राम देवरा के रूप में हुई। पीएम रिपोर्ट में गला घोटने से मृत्यु होना और प्रकरण हत्या का पाए जाने से मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए थे। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर विशेष टीम गठित कर तकनीकी सेल की सहायता से आरोपियों की पतासाजी शुरू की गई।

आरोपियों से घटना में प्रयुक्त सामग्री जब्त की गई

दोनों आरोपियों को 5 अप्रैल को विधिवत गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त सुतली रस्सी, ट्रैक्टर-ट्राली क्रमांक एमपी 20 जेड बी 1051 एवं आरोपियों के घटना समय पहने कपड़े जब्त किए गए हैं। उक्त अंधे हत्याकांड का सफलतापूर्वक खुलासा थाना शाहपुर पुलिस टीम द्वारा किया गया।

पेंशनर्स संघ जिला इकाई दमोह की मासिक बैठक का आयोजन

नवभारत,दमोह। 5 अप्रैल 2026 को मध्यप्रदेश पुलिस पेंशनर्स संघ जिला इकाई दमोह की मासिक बैठक का आयोजन स्थानीय बड़ी देवी मंदिर प्रांगण मे किया गया. बैठक में पेंशनर्स की सामूहिक समस्याओं पर चर्चा की गई. संघ के प्रांतीय सदस्यों को परिचय पत्र वितरण किया गया .रामप्रकाश तिवारी व अर्जुन प्रसाद अहिरवार ने प्रांतीय सदस्यता ग्रहण की सभी प्रांतीय सदस्यों का स्वागत किया गया .सेवा निवृत्त निरीक्षक उतम लाल अहिरवार के पुत्र संदीप अहिरवार का बीमारी के कारण दिनांक 18/03/26 को निधन हो जाने से संघ परिवार द्वारा दो मिनिट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई, बैठक शांति पूर्वक सम्पन्न हुई.

डेढ माह से लापता बेटी को नहीं तलाश पाई पुलिस

▶ शिक्षक पिता ने हाईकोर्ट में दायर की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका

नवभारत,जबलपुर। डेढ़ माह से लापता बेटी की पुलिस तलाश नहीं कर पा रही है। बेटी की तलाश किये जाने की मांग करते हुए पीड़ित शिक्षक पिता ने हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ याचिका की सुनवाई करते हुए नोटिस जारी करते हुए लापता युवती को पेष करने के आदेश जारी किये है। याचिका पर अगली सुनवाई 16 अप्रैल को निर्धारित की गयी है।

कटनी बरही निवासी कौशल प्रसाद चौबे की तरफ से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में कहा गया था कि उसकी पिता कटनी के रंगनाथ नगर थाने के हॉस्टल में रही थी। वह एक हॉस्पिटल में नर्स का कार्य करती थी। उसकी बेटी विगत फरवरी माह में घर आई थी। इसके बाद वह हॉस्टल वापस चली गयी थी। इसके बाद से परिवार के किसी सदस्य की उससे बात नहीं हुई। बेटी का फोन भी बंद आ रहा है। बेटी के लापता होने की शिकायत उनकी तरफ से बरही तथा रंगनाथनगर में दर्ज करवाई थी। उसकी बेटी डेढ़ माह से लापता है और पुलिस उसकी अभी तक तलाश नहीं कर पाई है। जिसके कारण उक्त बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गयी है। याचिका में प्रदेश शासन तथा दोनों थाना प्रभारियों को अनावेदक बनाया गया था। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद उक्त आदेश जारी किये है। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता राम बिहारी गौतम तथा अधिवक्ता सौरभ शुक्ला ने पैरवी की।

प्रदर्शन | लंबित मांगों को लेकर सड़क पर उतरकर प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया

पेयजल संकट से नाराज ग्रामीणों ने किया नेशनल हाईवे जाम

डिंडोरी, नवभारत 6 अप्रैल। जिले में बुनियादी समस्याओं के समाधान में हो रही देरी अब जनआक्रोश का रूप लेने लगी है। सोमवार सुबह करीब 8 बजे शहडोल-पंडरिया नेशनल हाईवे पर चाड़ा पंचायत के सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया। अपनी लंबित मांगों को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।

बताया गया है कि ग्रामीणों ने गत शुक्रवार को बजाग एसडीएम कार्यालय में मोबाइल नेटवर्क और पेयजल संकट को लेकर ज्ञापन सौंपा था। साथ ही चेतावनी दी थी कि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं होने पर वे नेशनल हाईवे जाम करेंगे। प्रशासन द्वारा ठोस पहल न किए जाने से नाराज़ ग्रामीणों ने आखिरकार आंदोलन का रास्ता अपनाया।

मनरेगा में ऑफलाइन मस्टर तत्काल लागू करने की मांग

ग्रामीणों ने मांग की है कि मनरेगा में हाजिरी के लिए ऑफलाइन मस्टर तत्काल लागू किया जाए, लंबित मजदूरी का भुगतान शीघ्र किया जाए तथा सभी गांवों में शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

प्रदर्शनकारियों ने तहसीलदार की बात नहीं मानी

घटनास्थल पर तहसीलदार भारत सिंह बट्टे एवं निरीक्षक शिव लाल मरकाम पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांगों को लेकर अडिग हैं। ग्रामीणों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जब तक कलेक्टर स्वयं मौके पर आकर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं करते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

वाहनों की लगी लंबी कतार

नेशनल हाईवे पर जाम के चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई हैं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बहरहाल प्रशासनिक महकमे द्वारा जब ग्रामीणों को समझाइश दी गई कि वह चौपाल लगाकर सारी समस्याओं का निराकरण करेंगे तब जाकर उन्होंने जाम खोला।

मोबाइल नेटवर्क की स्थिति भी खराब

चाड़ा पंचायत के सरपंच गोविंद बोरकर ने बताया कि चाड़ा, तांतर और सिलपिंडी ग्राम पंचायतों में मोबाइल नेटवर्क की स्थिति अत्यंत खराब है। इसके चलते मनरेगा मजदूरों की हाजिरी एनएमएमएस पोर्टल पर दर्ज नहीं हो पा रही है, जिससे उनकी मजदूरी प्रभावित हो रही है। वहीं, नल-जल योजना के अधूरे कार्य के कारण भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद सिहोरा, जिला जबलपुर (म.प्र.)

फोन नं.- 07624-230030, ईमेल- cmosihora@mpurban.gov.in

क्रं./1078/रा.वि/2026/ | द्वितीय ई - निविदा सूचना | सिहोरा, दिनांक :- 06/04/2026

निम्नलिखित, कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
2026_UAD_495465_2 NIT No. 959/Raj.Vi./2026	नगर पालिका क्षेत्रांगर्त अस्थाई दखल अनुज्ञा शुल्क/बाजार फीस वसूली	12 माह, 14,75,100/-	2,000/- 42,000/-	13-04-2026 Taime 17:30
2026_UAD_495466_2 NIT No. 958/Raj.Vi./2026	वाहन पार्किंग फीस वसूली ठेका	12 माह	2,000/- 1,50,000/-	13-04-2026 Taime 17:30

शर्त - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सिहोरा

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

// निविदा सूचना //

N.I.T.No.:/PWD/16/PRO No.29 | Dated : 06/04/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_497201_1 Date-09/04/2026	लाल बहादुर शास्त्री वार्ड अंतर्गत विभिन्न स्थानों एवं चौधरी मोहल्ला क्षेत्र में सड़कों का सीमेंटीकरण कार्य ।(पार्षद अनुशंसा)	04 माह 7.56 लाख	2000/- 7569/-	23/04/2026
2	2026_UAD_497201_2 Date-09/04/2026	लाल बहादुर शास्त्री वार्ड मदार छल्ला पहाड़ी क्षेत्र में नाली निर्माण कार्य ।(पार्षद अनुशंसा)	04 माह 8.33 लाख	2000/- 8337/-	23/04/2026
3	2026_UAD_497201_3 Date-09/04/2026	लाल बहादुर शास्त्री वार्ड अंतर्गत विभिन्न स्थानों एवं नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा)	04 माह 8.42 लाख	2000/- 8424/-	23/04/2026
4	2026_UAD_497201_4 Date-09/04/2026	लाल बहादुर शास्त्री वार्ड टेढ़ी नीम क्षेत्र में बबलू चाटी के कबाड़ खाने से लेकर सलीम किराने वाले तक एम-30 सी.सी. सड़क का सीमेंटीकरण कार्य। (पार्षद अनुशंसा)	04 माह 12.47 लाख	2000/- 9359/-	11/05/2026

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय यंत्री/कार्यपालन यंत्री(लोककर्म)
नगर पालिक निगम जबलपुर